अमर उजाला
लखनऊ
सोमवार, 18 फरवरी 2019

स्पोर्ट्स विराट कोहली आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर कायम...17 उत्तर प्रदेश

छोटे सोलर प्लांट लगाने की पहल करें कंपनियां

नेडा निदेशक ने कंपनियों से किया आह्वान, दो किलोवाट के प्लांट से सोलर क्षमता में होगी बढ़ोतरी

लखनऊ। सोलर कंपनियां बड़े प्रोजेक्ट लगाने पर ही केंद्रित हैं। यदि वे प्रत्येक घर में किफायती दामों पर एक या दो किलो वाट के छोटे सोलर प्लांट लगाने की पहल करें तो सोलर क्षमता और ज्यादा सृजित की जा सकेगी। अभी जो भी सोलर उत्पाद बनाये जा रहे हैं, उसकी जानकारी आम जनता तक नही पहुंच पायी है। इसके लिए जरूरी है कि सौर ऊर्जा के बाजार में वृद्धि हो। ये बातें यूपी नेडा के निदेशक सुशील कुमार पटेल ने रविवार को बतौर मुख्य अतिथि इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के तीन दिवसीय सोलर एक्सपो-2019 के समापन अवसर पर कहीं।

नेडा निदेशक ने कहा कि अभी तक 130 सोलर कंपनियों ने अपना पंजीकरण कराया है। कई कंपनियां जो कि अच्छे व सस्ते उत्पाद बना रहीं, पर उनका पंजीकरण नहीं हो पाया है। शीघ्र ही नेडा इन्हें पंजीकरण का मौका देगी। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील वैश्य ने कहा कि इस बार देशभर से 55 सोलर कंपनियों ने एक्सपो में उत्पादों को प्रदर्शित किया। एक्सपो में पांच हजार दर्शकों ने भाग लिया और लगभग 50 करोड़ रुपये के अनुबंध किए गए। अभी करीब 100 करोड़ रुपये के और अनुबंध की संभावना है। उन्होंने बताया कि आगामी इंडिया सोलर एक्सपो 14 से 16 फ रवरी 2020 में लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। ब्यूरो